पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने झूलेलाल उत्सव में शिरकत की

लखनऊः 8 अप्रैल, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज झूलेलाल जयंती पर उत्तर प्रदेश सिंधी सभा द्वारा गोमती तट स्थित झूलेलाल पार्क में आयोजित उत्सव में कहा कि सिंधी समाज ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने झूलेलाल जयंती की बधाई देते हुए कहा कि महाराष्ट्र में सिंधी समाज के लोगों से उनका करीब का संबंध रहा है। मुंबई के श्री झटमल वाधवानी एवं श्री हशु आडवाणी ने मुझे आगे बढ़ने में सदैव सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि मुंबई को आगे बढ़ाने में सिंधी समाज का बहुत योगदान है।

राज्यपाल ने कहा कि झूलेलाल के उत्सव में उन्हें सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला है। आज का दिन भारत के अलग-अलग प्रदेशों में अलग-अलग ढंग से मनाया जाता है। अनेक घटनाएं आज के दिवस के मान्यताओं से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि वे प्रदेश के प्रथम नागरिक के नाते से प्रदेश के सिंधी समाज के लोगों को आज के दिवस की बधाई देते हैं।

महापौर डाॅ0 दिनेश शर्मा ने कहा कि सिंधी समाज का लखनऊ के सामाजिक कार्य में अभूतपूर्व योगदान है। लखनऊ में सिंधी समाज के अनेक संस्थान, आश्रम एवं मंदिर भी हैं। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख-समृद्धि की कामना भी की।

कार्यक्रम में श्री मुरधीधर आहूजा सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखें तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये।

अंजुम/ललित/राजभवन (140/16)

|| आयोलाल ||
|| झूलेलाल ||
चेट्रीचण्ड्र मेले जी
लख-लख वाधायूँ
S.S.D.
TRADERS

चेट्रीचण्ड्र मेले जी लख-लख वाधायूँ
S.S.D.
TRADERS
|| आयोलाल ||
चेट्रीचण्ड्र मेले जी

|| आयोलाल ||
|| झूलेलाल ||
चेट्रीचण्ड मेले जी